नाम राम का रस की धारा

राम नाम है वो दीपक,
जो फैलाए जग में उजियारा,
अमृतमय है नाम राम का,
सुमिरै सो बरसे रस की धारा,
तेजस्वी रूप राम का,
अति मोहक बड़ा सुहाना है,
अडिग चरित्र पुरुषों में उत्तम,
जग सारे ने माना है,
सत्य कर्तव्यनिष्ठा मर्यादा का,
जिसने हमें पाठ पढ़ाया,
धर्मनिष्ठ होकर जिसने,
जीवन जीना हमें सिखाया,
एक सुमिरै सब सुमिरै,
जो सुमिरै सो प्यारा है,
सुमिरै सो जो नाम राम का,
मिलता उसे किनारा है,
राम नाम ने तारा है,
अमृतमय है नाम राम का,
सुमिरै सो बरसे रस की धारा,
राम नाम है वो दीपक,
जो फैलाए जग में उजियारा,
राम नाम है वो दीपक,
जो फैलाए जग में उजियारा....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26906/title/naam-ram-ka-ras-ki-dhara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |